Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to introduce a new DEMU train from Siwan junction to Patna junction via Chhapra in Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) ः बिहार राज्यान्तर्गत सारण प्रमंडल में मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज है। मेरे संसदीय क्षेत्र सहित उत्तर-पश्चिम बिहार के जिला सारण, सिवान एवं गोपालगंज की बहुतायत जनता को राज्य की राजधानी पटना आने-जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र के लोगों को पटना की यात्रा हेतु ज्यादातर सड़क मार्ग का उपयोग करना पड़ता है। रेल मार्ग से सीधे पटना जाने के लिए ट्रेनों की संख्या लगभग न के बराबर है, और है भी तो समयानुकूल नहीं है। ऐसे में इस क्षेत्र के लोगों को पटना आने-जाने में समय और पैसा भी ज्यादा लगता है। इन जिलों से हजारों की संख्या में व्यापारी, नौकरीपेशा वाले, विद्यार्थी, पर्यटकों एवं राजनैतिक-सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को प्रतिदिन पटना आना-जाना होता है।

अतः इस क्षेत्र में स्थित पूर्वोत्तर रेलवे के सिवान जंक्शन से छपरा जंक्शन होते हुए पटना जंक्शन तक अगर प्रतिदिन एक जोड़ी नई डी.एम.यू. ट्रेन का संचालन किया जाता है तो उक्त क्षेत्र की जनता को यातायात में काफी सुविधा होगी तथा इन लोगों का पैसा और समय भी बचेगा।

अंत में मेरा सरकार से अनुरोध है कि पूर्वोत्तर रेलवे के सिवान जंक्शन से छपरा जंक्शन होते हुए पूर्व मध्य रेलवे के पटना जंक्शन तक एक जोड़ी नई डी.एम.यू. ट्रेन का संचालन कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाये।